हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार 5 सितंबर 2026
[भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर]

शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गुरु के सम्मान का पर्व जो जीवन को दिशा देता है

शिक्षक केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाते, वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य का निर्माण करते हैं

हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिन देश के महान शिक्षक, दार्शनिक और भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। शिक्षक दिवस केवल शिक्षकों को शुभकामनाएं देने का दिन नहीं, बल्कि उस गुरु-परंपरा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, जिसने पीढ़ियों को ज्ञान, संस्कार और सही दिशा देने का काम किया है। एक शिक्षक विद्यार्थी को केवल किताबों का ज्ञान नहीं देता, बल्कि उसे जीवन की चुनौतियों से लड़ना और सही निर्णय लेना भी सिखाता है।

शिक्षक समाज की मजबूत नींव तैयार करते हैं

शिक्षक किसी भी समाज के भविष्य निर्माता होते हैं। डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, अधिकारी, खिलाड़ी, कलाकार और जनप्रतिनिधि बनने वाले हर व्यक्ति की शिक्षा की शुरुआत किसी न किसी शिक्षक से होती है। इसलिए शिक्षक का योगदान केवल कक्षा तक सीमित नहीं रहता।

शिक्षक का स्थान माता-पिता के बाद महत्वपूर्ण

माता-पिता बच्चे को जीवन देते हैं, जबकि शिक्षक उसे जीवन जीने की समझ प्रदान करते हैं। शिक्षक बच्चों की प्रतिभा को पहचानकर उसे सही दिशा देने का प्रयास करते हैं।

शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी

एक अच्छा शिक्षक केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने की सीख नहीं देता। वह ईमानदारी, अनुशासन, मेहनत, समय की पाबंदी, दूसरों का सम्मान और जिम्मेदारी जैसे जीवन-मूल्यों को भी विद्यार्थियों में विकसित करता है।

शिक्षक विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं

कई बार विद्यार्थी अपनी क्षमता को पहचान नहीं पाता। ऐसे समय शिक्षक उसका मार्गदर्शन करते हैं और उसे विश्वास दिलाते हैं कि वह कठिन परिस्थितियों में भी सफलता प्राप्त कर सकता है।

बदलते समय के साथ बदल रही शिक्षक की भूमिका

आज शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। स्मार्ट क्लास, डिजिटल शिक्षा, ऑनलाइन सामग्री और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में शिक्षक की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। अब शिक्षक केवल जानकारी देने वाले नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को सही जानकारी पहचानने और उसका उपयोग करने की क्षमता विकसित करने वाले मार्गदर्शक भी हैं।

शिक्षक दिवस आत्ममंथन का अवसर भी है

यह दिन केवल शिक्षकों के सम्मान का अवसर नहीं है। यह सोचने का भी समय है कि शिक्षा व्यवस्था को किस प्रकार और बेहतर बनाया जा सकता है तथा हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे पहुंचाई जा सकती है।

गुरु का प्रभाव जीवनभर रहता है

स्कूल और कॉलेज का समय बीत जाने के बाद भी शिक्षक की कही हुई बातें जीवन में मार्गदर्शन करती रहती हैं। कई बार वर्षों बाद भी विद्यार्थी अपने शिक्षक की सीख को याद करता है। **शिक्षक वास्तव में राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। उनके हाथों में केवल विद्यार्थियों का भविष्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी और समाज का भविष्य भी होता है। शिक्षक दिवस पर हमें शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों को भी समझना चाहिए। एक अच्छा शिक्षक हजारों विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है।**

शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं..
नर्सरी से कक्षा 12वीं तक उत्कृष्ट अध्ययन
प्रतिवर्ष यहां के विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में चयन विद्यार्थियों का जिला स्तरीय / राज्य स्तरीय खेलों में चयन....
गांधी विद्यापीठ
इंग्लिश मिडियम हायर सेकेंडरी स्कूल
राधिका नगर, सुपेला भिलाई (छ.ग.) मो.नं. 8319982502

शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उदय महाविद्यालय
जामुल भिलाई, मो.- 9926011105
B.A., B.Sc.(Bio), B.Ed, PG Diploma in Yoga & Philosophy
उदय पब्लिक स्कूल
जामुल भिलाई, मो. : 7909999899
प्लेगुप, Nursery to 8th (English Medium)
उदय इंग्लिश मिडियम स्कूल
छावनी-भिलाई, मो. : 9893399132
Nursery to 8th
PROPOSED COURSE
• DCA
• PGDCA
• B.LIB
• B.COM
• M.COM

Happy Teacher's Day
D.A.V. MODEL COLLEGE
CODE NO.- 371 | NCTE CODE - 114331
AFFILIATED BY : HEMCHAND YADAV UNIVERSITY, DURG
Course Offered : B.Ed.
Arya Nagar, Durg (C.G.) 0788- 4076767, 2355250
OTHER OPERATED INSTITUTIONS
D.A.V. MODEL HIGHER SECONDARY SCHOOL, Arya Nagar, Durg 4050299, 2216281
MAHARSHI DAYANAND ARYA HR. SEC. SCHOOL, Gaya Nagar, Durg 0788-2357613
MAHARSHI DAYANAND ARYA HR. SEC. SCHOOL, Mathpara, Durg 2328089, 3596172
MAHARSHI DAYANAND ARYA HR. SEC. SCHOOL, Kurud Road, Kohka, Bhilai 0788-2295126

Happy Teacher's Day
BHILAI PUBLIC SCHOOL
ENGLISH MEDIUM SENIOR SECONDARY SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI (3330229)
NURSERY TO CLASS-XII
Maroda, Bhilai, Dist- Durg (C.G.)
Call : 0788-2265630, 9827154445, 9755536136
E-mail - bspbhilai@gmail.com
Website : bhilaipublicschool.com

Happy Teacher's Day
MA SARDA PUBLIC SCHOOL
Street-4, Sector-9, Bhilai, Durg (C.G.)
Affiliated to C.B.S.E., New Delhi, Affiliation No.-3330038
Run by : Ma Sarda Sewa Samiti, Bhilai (C.G.)
-: For Admission Offers Contact :-
Ph. 0788-2242200, 99815-50505, 78983-82292, 99071-82608, 97520-99069
K.G.-1 to Class-X
Class XI-XII (All Streams)
Spacious classroom with cross ventilation ensure a healthy atmosphere, Excellent blended mode for academic growth of child

शिक्षक ही ज्ञान की वह ज्योति हैं, जो जीवन का अंधकार दूर करते हैं। उनके मार्गदर्शन से हर विद्यार्थी अपने सपनों की ओर बढ़ता है। समर्पण, संस्कार और शिक्षा देने वाले सभी गुरुजनों को नमन।
शिक्षक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट
मान्यता प्राप्त संस्था भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
fsdmi cg fsdmi bhilai fsdmi_bhilai
12 वर्षों से आपकी सेवा में

HERITAGE
INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL
HAPPY TEACHERS' DAY
5th Sept
Your impact lasts forever in every student's success story.
Today we honor teachers for their tireless efforts, unwavering support, and belief in every student's potential. Your contributions are deeply cherished.
Durg Bypass, Opposite D-Mart, Durg (C.G.)
heritage.schools@yahoo.com
www.heritageschools.org
Contact No.- 07566660475 / 70

गुरु के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से जीवन की हर राह आसान हो जाती है।
सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!
SRI SANKARA VIDYALAYA
SECTOR-X, BHILAI

दिल्ली से लौटे व्यक्ति में डेंगू की आशंका, स्वास्थ्य विभाग ने संभाला मोर्चा

एक ही परिवार के दो को स्वाइन फ्लू

चरोदा में स्वाइन फ्लू की दस्तक, चार नए मरीज मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

चरोदा नगर निगम क्षेत्र के नवीन नगर चरोदा में एक ही परिवार के दो लोगों में स्वाइन फ्लू एच-1 एन-1 संक्रमण की पुष्टि हुई है। वहीं शुक्रवार को चार नए मरीज मिले। वर्तमान में 10 मरीजों का अस्पताल में उपचार चल रहा है और उनकी स्थिति सामान्य होने की जानकारी सामने आई है।

जानकारी के अनुसार जिला सर्वेलेंस और महामारी रोग नियंत्रण इकाई द्वारा दोनों मरीजों में एच-1 एन-1 संक्रमण की पुष्टि की गई है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम को क्षेत्र में सर्वेक्षण के लिए लगाया गया है। टीम घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी ले रही है और सर्दी, खांसी व बुखार जैसे लक्षणों वाले लोगों की पहचान कर रही है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 चरोदा के बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि शनिवार को दोनों प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। लोगों को बुखार, सर्दी, खांसी या जुकाम होने पर शासकीय अस्पताल भिलाई-3 पहुंचकर जांच और उपचार कराने की सलाह दी जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू की जांच निशुल्क उपलब्ध होने की भी जानकारी दी गई है। जानकारी के अनुसार 5 अगस्त से 4 सितंबर तक जिले में स्वाइन फ्लू के कुल 26 प्रकरण सामने आ चुके हैं। वर्तमान में जिले में 10 एक्टिव मरीज हैं। नए मरीजों में स्पर्श अस्पताल 1 मरीज, हाईटेक अस्पताल 2 मरीज, पल्स अस्पताल 1 मरीज भर्ती है।

भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क लगाएं

शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी चरोदा डॉ. भुवनेश्वर कठौतिया और मेडिकल ऑफिसर भिलाई डॉ. शिखर अग्रवाल ने लोगों से स्वाइन फ्लू और डेंगू से बचाव के लिए सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाते समय मास्क का उपयोग करें, लोगों से उचित दूरी बनाए रखें और घरों के आसपास साफ-सफाई रखें। मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग करने की भी सलाह दी गई है।

दिल्ली से लौटे व्यक्ति में डेंगू के लक्षण

इसी क्षेत्र में एक अन्य व्यक्ति में संभावित डेंगू की पुष्टि हुई है। बताया गया कि संबंधित व्यक्ति दिल्ली की यात्रा करने के बाद चरोदा-भिलाई-3 लौटा था। उसका उपचार भिलाई के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार उसके परिवार के किसी अन्य सदस्य में फिलहाल सर्दी, जुकाम, खांसी या बुखार जैसे लक्षण नहीं मिले हैं।

लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही न बरते

हर सर्दी-जुकाम, खांसी या बुखार स्वाइन फ्लू अथवा डेंगू नहीं होता। मौसम में बदलाव के कारण होने वाला वायरल या सीजनल फीवर भी इन लक्षणों का कारण हो सकता है। इसके बावजूद लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। बुखार या अन्य लक्षण होने पर चिकित्सक से जांच कराएं।

-डॉ. शिखर अग्रवाल, प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई 3

रकम वसूली को लेकर मारपीट के बाद मौत, फरार आरोपी पकड़ में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

पुरानी रकम वसूली को लेकर मारपीट के मामले में मौत होने के बाद पुलिस ने फरार एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।इसके पूर्व पुलिस ने पांच युवक को पकड़कर जेल भेज चुकी है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि नौ माह पूर्व होटल 36 इन, इंदिरा मार्केट दुर्ग में पुराने रकम की वसूली को लेकर विवाद हुआ था। घटना में उपचार के दौरान एक युवक की पिटाई में मौत हो गई थी। पुलिस ने पहले ही पांच युवक ओम नगर उरला, दुर्ग निवासी प्रशांत राव, जयंती नगर लक्की उर्फ किशन कुमार ध्रुवे, कैलाश नगर काके उर्फ हरविंदर सिंह,गुरुनानक नगर दुर्ग मेजर सिंह सागर उर्फ राज सिंह सागर,बेलूर हाउसिंग हावड़ा पश्चिम बंगाल हाल कि में दीपक नगर दुर्ग अंकित झा को पकड़ा गया था। आरोपियों से पूछताछ करने पर खण्डेलवाल कॉलोनी, वार्ड 37 दुर्ग रवि शर्मा का नाम सामने आने पर पुलिस ने खोजबीन शुरु किया।उसे पकड़े जाने के बाद पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

चलती बाइक में लगी आग, कारण अज्ञात

भिलाई। बाइक में अचानक आग लग जाने से अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलने पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के मुताबिक नेहरू नगर चौक के पास देर रात बाइक सीजी 07 बीएस 0625 में आग लग गई। बाइक प्रकाश सिंह की है। आग की सूचना मिलते ही दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आगजनी में बाइक जल गया। आग लगने का कारण अज्ञात है। मौके पर टीम से दल प्रभारी धन्नु यादव, दमकल कर्मियों में नरोत्तम टंडन , धर्मेन्द्र कुमार , पवित्र सागर , सेजित कुमार मौजूद थे।

चेकिंग के दौरान मोबाइल चोर पकड़ में

भिलाई। ट्रैफिक पुलिस के चेकिंग के दौरान कुम्हारी टोल प्लाजा के पास चोरी का एक मोबाइल बरामद किया गया। मौके से तीन युवकों पर वैधानिक कार्रवाई के लिए कुम्हारी पुलिस को सौंपा गया। पुलिस ने बताया कि कुम्हारी टोल प्लाजा पर वाहन चेकिंग चल रही थी। तभी नागरिक द्वाराचेकिंग अधिकारी को सूचना दी गई कि उसका मोबाइल फोन पार कर 3 युवक वाहन सीजी 04 क्यूएल 3497 से फरार हो गए। मोबाइल फोन को गूगल आईडी के माध्यम से ट्रेस करने पर नागरिक उक्त वाहन का पीछा कर रहा था। वाहन कुम्हारी टोल प्लाजा पहुंचने पर ट्रैफिक को जानकारी दी।

खबर संक्षेप

उरला में अवैध शराब बेचने वाले गिरफ्तार

भिलाई। अवैध शराब बेचने वाले तीन युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बाम्बे आवास, उरला सुभाष ठाकुर उर्फ छोटू, अजय विश्वकर्मा, रुआबांधा बस्ती, गांधी चौक महेश कुमार साहू को पकड़ा गया। इनके पास से पुलिस ने 73 पौवा रोमियो देशी शराब 10,580, 31 पौवा देशी मदिरा, कुल 5.580 लीटर 2,600, मोबाइल फोन जब्त किया है। शराब को धमधा रोड सब्जी मंडी के पास थाना मोहन नगर और रुआबांधा तालाब के ऊपर भिलाई नगर के पास बेचा जा रहा था।

पिस्टल और कारतूस लेकर घूम रहे तीन युवक गिरफ्तार

भिलाई। पिस्टल लेकर घूम रहे तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी कि 32 बंगला चौक के पास रेलवे लाइन वाले कच्चे रास्ते में तीन युवक अवैध हथियार लेकर खड़े है। मौके पर पहुंची भिलाई नगर पुलिस ने घेराबंदी कर 32 बंगला उड़िया बस्ती, भिलाईनगर निवासी सूरज ताण्डी , रायपुर नाका दीपक दास उर्फ सिब्बु, महेश ताण्डी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने पिस्टल व कारतुस जब्त किया है। जिसकी कीमत 2.1 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने सूरज के पास से पिस्टल, दीपक दास, महेश के पास एक-एक पिस्टल कारतूस बरामद हुआ। 32 बंगला संवेदनशील क्षेत्र है जहां पुलिस अफसरों ,जनप्रतिनिधियों और आईजी कार्यालय तक है। रेलवे लाइन के किनारे हथियार लेकर घूमने वाले युवकों के मिलने के बाद पुलिस ने जांच का दायर बढ़ा दिया है।

बीएसपी से स्क्रैब कॉपर केबल पार, पांच को पुलिस ने पकड़ा

भिलाई। बीएसपी से स्क्रैब कॉपर केबल पार करने वाले पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भठ्ठी पुलिस ने बताया कि केऔसुब इकाई बीएसपी ने पुलिस में शिकायत किया था कि प्लांट के भीतर कुछ युवक प्रवेश कर 100 किलोग्राम स्क्रैब कॉपर केबल को कार में लोड कर चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। विवेचना के दौरान पुलिस ने शंकर पारा, स्टेशन मरोदा नेवई निवासी हरीश बाग, पटेल नगर, वार्ड 22, स्टेशन मरोदा दीपक ठाकुर, बजरंग पारा, वार्ड 21, स्टेशन मरोदाप्रेम बंजारे उर्फ गुड्डू, इस्पात नगर, रिसाली नेवई अंकुश ठाकुर उर्फ नौउवां, वार्ड 21, स्टेशन मरोदा प्रीतम कुमार उर्फ पंचू को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से पुलिस ने 100 किलोग्राम स्क्रैब कॉपर केबल 50 हजार रुपए का और 4 मोबाइल 30 हजार रुपए का जब्त किया है। कुल सामानों की कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।

यू-ट्यूब चैनल में सट्टे का कारोबार करने वाला पकड़ाया

भिलाई। यू ट्यूब पर सट्टा के कारोबार को बढ़ावा देने के नाम पर अंशु मटका, राजधानी कल्याण के अंको का भविष्यवाणी का वीडियो बनाकर चैनल में अपलोड कर प्रसारित करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि उतई पुलिस को सूचना पर डूमरडीह बस स्टैण्ड उतई के पास युवक का मोबाइल फोन की जांच की गई। संदेह लगने पर युवक को पक़ड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम बड़े पारा, जय स्तंभ चौक, डुमरडीह उतई निवासी रवि चेलक बताया है। हिरासत में लेकर यू ट्यूब चैनल के बारे में जांच करने पर सट्टा-मटका के अंकों का प्रचार-प्रसार कर सट्टा गतिविधि संचालित करने की जानकारी मिली। सट्टा-मटका के अंकों की भविष्यवाणी का युवक वीडियो बनाकर अपलोड और सार्वजनिक रूप से प्रसारित कर रहा था। घेराबंदी कर रवि चेलक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से दो मोबाइल, चैनल अकाउंट के माध्यम से राजधानी नाईट कल्याण जोड़ी, सट्टा-मटका के अंकों की वीडियो मिला। सारे डिजिटल साक्ष्य और मोबाइल को जब्त किया गया। पुलिस ने युवक के खिलाफ धारा 6(क), 7(1), 11, छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई।

शिक्षा दिवस पर विशेष | साइंस के मॉडल ने विद्यार्थियों के पढ़ाई में जगाई रुचि

नवाचार के लिए कुमुद को राज्यपाल शिक्षक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, अनुकरणीय शैक्षणिक उपलब्धियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाली शिक्षिका कुमुद साहू को राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। शासकीय आदर्श कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय दुर्ग में व्याख्याता के रूप में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों पर उन्हे इस पुरस्कार नवाजा जाएगा। वर्तमान में वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेलीगुंडरा, विकासखंड पाटन जिला दुर्ग में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। कुमुद ने शिक्षण कार्य में विभिन्न सहायक शिक्षण सामग्रियों और नवाचारों का उपयोग कर छात्राओं में पढ़ाई तथा विद्यालय आने के प्रति रुचि विकसित की। उनके मार्गदर्शन में विद्यालयों का बोर्ड परीक्षा परिणाम लगातार उत्कृष्ट रहा और कक्षा 10वीं तथा 12वीं में 91 से 100 प्रतिशत तक परिणाम दर्ज किए गए। शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित किया गया।

विज्ञान मेले में 14 बार सफल परियोजनाएं दी

शिक्षिका कुमुद ने विज्ञान शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उनके मार्गदर्शन में छात्राओं ने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय विज्ञान मेलों में 14 बार विज्ञान मॉडल, विज्ञान नाटिका और विज्ञान परियोजनाओं का सफल प्रस्तुतीकरण किया। वहीं विज्ञान शिक्षक संगोष्ठियों के माध्यम से उन्होंने कई राज्य स्तरीय और जोन स्तरीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया।

एनएसएस में 11 बार सफल शिविर करवाए

शिक्षिका कुमुद ने राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारी के रूप में वर्ष 2005 से 2025 तक उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में 10 दिवसीय विशेष शिविरों का 11 बार सफल आयोजन किया गया। एनएसएस गतिविधियों के प्रभावी संचालन और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें वर्ष 2015 में राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

हरिभूमि
जन्माष्टमी लाइव
रायपुर, शनिवार 5 सितंबर 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

कृष्ण भक्ति में डूबी ट्विनसिटी...वासुदेव टोकरे में कान्हा को लेकर पहुंचे गोकुल

नंद घर आनंद भयो जय हो नंद लाल की, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की...मध्य रात्रि रहा गूंजायमान

भादौ मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र के अद्भुत संयोग के अवसर पर शुक्रवार को कृष्ण जन्मोत्सव दुर्ग भिलाई सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रात ठीक 12 बजे मंदिरों, घरों और आयोजन स्थलों में भगवान का जन्म हुआ। विधिवत आरती और पूजन कर सोहर गीत गाए गए और वासुदेव कान्हा को टोकरे में लेकर गोकुल पहुंचे। तब नंद घर आनंद भयो जय हो नंद लाल की, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की,,,,,लगातार मंदिर में गूंजते रहा। जिसके बाद धनिया की पंजीरी और माखन का प्रसाद वितरित किया गया। भिलाई के अक्षय पात्र सेक्टर 6, राधा-कृष्ण मंदिर, नेहरु नगर, उमरपोटी श्याम श्यामा मंदिर, कसारीडीह दुर्ग, महेश कालोनी सहित विभिन्न मंदिरों में जन्माष्टमी पर्व का आयोजन किया गया था। जहां सुबह से देर रात तक भक्तों की भीड़ मंदिरों लगी रही।

लाइव इवेंट

साई बाबा मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई जन्माष्टमी

दुर्ग। कसारीडीह सिविल लाइन स्थित श्री साई बाबा मंदिर में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। पूरे दिन मंदिर परिसर में भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से ओतप्रोत भजनों की गूंज सुनाई देती रही। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु नाचते-गाते हुए अपनी आस्था और भक्ति प्रकट करते नजर आए।

जन्माष्टमी पर्व का मुख्य आकर्षण मध्यरात्रि में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव रहा। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के पावन क्षण का साक्षी बनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में डटे रहे। मध्यरात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण का स्वागत करते हुए पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। जन्माष्टमी को लेकर श्री साई बाबा मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था। आकर्षक साज-सज्जा, रोशनी और धार्मिक वातावरण श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। मंदिर समिति द्वारा पूरे आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की गई थीं, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन एवं पूजा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजन में मंदिर समिति के अध्यक्ष धनेन्द्र कांत चंदेल, सचिव धीरेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष रामेंद्र वंजारी, उपाध्यक्ष मुरलीधर राऊत, संतोष यदु, सह सचिव संतोष खिरोड़कर, प्रचार सचिव अजय सुरपाम, नारायणदत्त तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य रमेश शर्मा, रविंद्र भटनागर, रोमनाथ साहू, कौशल किशोर सिंह, रमेश दीक्षित, सत्येंद्र सिंह राजपूत, गणेश निर्मलकर, रवि भट्ट, राकेश सेन, प्रहलाद रूंगटा, विनय चंद्राकर, दशरथ साहू, प्रकाश शिवणकर सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई और व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

मैत्री विद्यानिकेतन में जन्माष्टमी

भिलाई। मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रिसाली में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े उत्साह, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। रिमझिम फुहारों के बीच आयोजित दही लूट और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने पूरे विद्यालय परिसर को भक्तिमय वातावरण से भर दिया।

कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी, प्राइमरी एवं मिडिल वर्ग के विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, रासलीला तथा गोपियों संग मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने कृष्ण जन्म, माखन चोरी और वृंदावन की लीलाओं को आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत किया। प्राइमरी और मिडिल कक्षाओं के विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण पर आधारित कविताओं का पाठ किया तथा भगवद्गीता के श्लोकों का सस्वर वाचन किया। वहीं हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन पर अपने विचार व्यक्त किए और कृष्ण भक्ति से ओतप्रोत गीतों की प्रस्तुति दी। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. संजीत थंबी ने विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक पर्व हमें जीवन के लिए प्रेरणादायी संदेश देता है।

अक्षय पात्र सेक्टर 6

लाइव इवेंट

सोहर गीत गाकर दी बधाई, धनिये की पंजीरी और माखन का बांटा प्रसाद

भिलाई। ब्रजमंडल भिलाई सेक्टर-6 स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पं. सुनील द्विवेदी के नेतृत्व में संस्कृत विद्वानों एवं भक्तों ने श्रीमद्भगवद्गीता और गोविंद दामोदर स्त्रोत का सस्वर पाठ किया। कार्यक्रम में कालिया मर्दन झांकी का अनावरण समाजसेवी संजय जैन, आकाश जैन, सुरभि जैन और अनिल जैन ने किया। ब्रजमंडल सखियां महिला समिति की भजन मंडली ने कृष्ण जन्म के भजनों की प्रस्तुति दी। संध्या आरती एवं दीप प्रज्ज्वलन के बाद शिव शक्ति डांस एकेडमी ने भगवान श्रीकृष्ण की जीवन लीलाओं पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान ब्रजमंडल की वार्षिक स्मारिका का विमोचन भी हुआ। लता बर्मन एवं ग्रुप तथा गंगेश नृत्य कला केंद्र के कलाकारों ने भी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

ज्ञान और भक्ति के रंग में महोत्सव

दुर्ग। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर एवं राजऋषि भवन, केलाबाड़ी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, उमंग और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। आध्यात्मिक ज्ञान, भक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के सुंदर संगम से पूरा वातावरण श्रीकृष्ण की प्रेम, पवित्रता और दिव्यता के रंग में रंग गया। इस अवसर पर कुमारी सानवी, मीठी, किया, चंद्राणी, मौसमी एवं जागृति ने श्रीकृष्ण के चरित्र एवं जीवन प्रसंगों पर आधारित मनमोहक नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की। बाल कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुति, आकर्षक नृत्य एवं सुंदर भाव-भंगिमाओं ने उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुति के दौरान ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो सभी श्रद्धालु स्वयं श्रीकृष्ण के जन्म के उस दिव्य क्षण के साक्षी बन गए हों।

इस दौरान बीके रीटा ने कहा कि भारत को त्योहारों की भूमि कहा जाता है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और शिव जयंती दोनों का रात्रि से गहरा आध्यात्मिक संबंध है। जन्माष्टमी की आधी रात और महाशिवरात्रि का भाव केवल 24 घंटे वाली रात नहीं, बल्कि अज्ञानता और अधर्म के अंधकार का प्रतीक है।

कार्नर न्यूज

श्यामा श्याम धाम मंदिर लोक कला महोत्सव में बिखेरी, छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छटा, आदिवासी मांदर नृत्य, पंडवानी, राउत नाचा की बेहतरीन प्रस्तुति

भिलाई। नेवईभाठा स्थित श्यामा-श्याम धाम मंदिर, लोकनगर उमरपोटी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय लोक कला महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को भव्य धार्मिक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। महोत्सव में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परंपरा और कला का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने श्रद्धालुओं और कला प्रेमियों को देर रात तक बांधे रखा। आदिवासी मांदरी , गेड़ी नृत्य, पंडवानी, राउत नाचा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति विभिन्न क्षेत्रों से आए लोक कलाकारों ने दी।

लोक कला महोत्सव के तहत दोपहर से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का दौर शुरू हुआ। जय गाड़िया बाबा आदिवासी मांदरी, गेड़ी एवं नृत्य दल, सरईटोला-सिहावा नगरी ने पारंपरिक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। महोत्सव में तिल्दा-भाटापारा से पहुंचीं प्रसिद्ध पंडवानी कलाकार दुर्गा साहू ने महाभारत की कथाओं को अपनी विशिष्ट शैली और प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत कर दिया। उनकी ओजपूर्ण वाणी, अभिनय और कथा वाचन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

ब्रम्हकुमारी आश्रम झांकी

सेक्टर-6 स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर

सिटी इवेंट

खेलों से जुड़कर स्वस्थ और अनुशासित जीवन का दिया संदेश

भिलाई। भिलाई महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को खेलों और नियमित व्यायाम के माध्यम से स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग एवं एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के निर्देशानुसार इस वर्ष कार्यक्रम की थीम खेलेगा भारत, जीतेगा भारत रखी गई। महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज ऑडिटोरियम में सुबह 11.30 बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्या प्रतिभा छाया क्लाडियस एवं उपप्राचार्या डॉ. आशा रानी दास ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन, टीम भावना और मानसिक मजबूती विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या ने शिक्षकों एवं छात्राओं को फिट इंडिया शपथ दिलाई। इसके बाद योग एवं जुम्बा फिटनेस सत्र आयोजित किया गया। छात्राओं और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लेते हुए फिटनेस के प्रति जागरूकता का परिचय दिया। राष्ट्रीय खेल दिवस के आयोजन में महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ के साथ बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम ने सभी को नियमित खेल एवं शारीरिक गतिविधियों को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

आंध्र भवन में तेलुगु भाषी और अन्य समाजों की महिलाओं की उमड़ी भीड़

बालाजी मंदिर में कुमकुम पूजा कर मांगा अखंड सौभाग्यवती का वरदान, गूंजे सहस्त्रनामार्चना के स्वर

भिलाई। सेक्टर-5 स्थित बालाजी मंदिर में आंध्र साहित्य समिति के तत्वावधान में कुमकुम पूजा का भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। माता लक्ष्मी देवी पद्मावती को समर्पित इस पूजा में बड़ी संख्या में तेलुगु भाषी महिलाओं के साथ-साथ अन्य समाज की महिलाओं ने भी श्रद्धा और भक्तिभाव से भाग लिया। महिलाओं ने पति की दीर्घायु, अखंड सौभाग्य, सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना के लिए विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण और वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजता रहा। समिति के अध्यक्ष पीवी राव एवं सचिव पीएस राव के नेतृत्व में आयोजित यह धार्मिक अनुष्ठान मंदिर के मुख्य पंडित गोपालाचारी के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पारंपरिक विधि-विधान से संपन्न हुआ। पूजा में सम्मिलित महिलाओं के लिए आवश्यक पूजन सामग्री की व्यवस्था समिति की ओर से की गई थी।

माता के अलौकिक सौंदर्य ने सबको मोहा

पूजा प्रारंभ होने से पूर्व पंडित गोपालाचारी ने मंत्रोच्चारित जल से पूजा स्थल का शुद्धीकरण किया। इसके पश्चात माता लक्ष्मी के उत्सव विग्रह को नूतन वस्त्रों, पुष्पों, आभूषणों एवं आकर्षक अलंकरणों से सुसज्जित कर प्रतिष्ठित किया गया। माता के मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालु महिलाएं भावविभोर हो उठीं। पंडित के निर्देशानुसार सभी महिलाएं अपने-अपने स्थान पर विराजमान हुईं और सनातन परंपरा के अनुसार कुमकुम पूजा करते हुए माता लक्ष्मी से अखंड सौभाग्यवती रहने का आशीर्वाद मांगा। कुमकुम पूजा में शामिल महिलाओं को समिति की ओर से पूजा से पूर्व हल्दी-कुमकुम वितरित किया गया। महिलाओं ने पूजा संपन्न होने के बाद इसे श्रद्धापूर्वक माता के चरणों में अर्पित किया।

माता लक्ष्मी के हजार नामों का हुआ पाठ

कुमकुम पूजा के दौरान पंडित गोपालाचारी ने माता लक्ष्मी की सहस्रनामार्चना भी कराई। इस अवसर पर देवी लक्ष्मी के हजार नामों का पवित्र पाठ किया गया। सनातन परंपरा में सुख, समृद्धि, ऐश्वर्य एवं सौभाग्य की प्राप्ति के लिए सहस्रनामार्चना का विशेष महत्व माना जाता है। पंडित के साथ श्रद्धालु महिलाओं ने भी माता लक्ष्मी के सहस्र नामों का पाठ कर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। पूजा के समापन के पश्चात समिति की ओर से श्रद्धालु महिलाओं को भेंटस्वरूप लक्ष्मी दीप, हल्दी-कुमकुम, ब्लाउज पीस एवं सुहागन की निशानियां प्रदान की गईं। इसके बाद महिलाओं ने मंदिर प्रांगण में स्थित माता लक्ष्मी के मंदिर में माथा टेककर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।पूजा के आयोजन में समिति के कोषाध्यक्ष टीवीएन शंकर, उपकोषाध्यक्ष एनएस राव एवं संयुक्त सचिव के लक्ष्मी नारायण की विशेष भूमिका रही। इस मौके पर प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद थे।

धर्म लाइव

राधा कृष्ण गौशाला में गौ सेवा, 12 वर्षों से निरंतर सेवा का संकल्प

दुर्ग। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व राधा कृष्ण गौशाला समिति द्वारा शुक्रवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने ग्राम मोहलई छातागढ़ स्थित श्री राधा कृष्ण गौशाला पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात गौवंश को चारा खिलाकर गौ सेवा की गई। समिति के सदस्यों ने बताया कि गौशाला में गौ सेवा का यह कार्य पिछले 12 वर्षों से लगातार और नियमित रूप से प्रतिदिन किया जा रहा है। समिति का यह निरंतर प्रयास गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ ही समाज में सेवा, करुणा और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का प्रेरणादायी संदेश दे रहा है। जन्माष्टमी के पावन अवसर पर समिति के नरसिंग कुकरेजा, विजय जसवानी, पवन तेजवानी, रानू सचदेव, जोतु मल, राना खत्री, प्रेम शोभानी, प्रदीप लेखानी, जगदीश, अमर बत्रा, भारत भाई, संतोष, नारु सहित अन्य सदस्यों ने गौ सेवा में सहभागिता निभाई। समिति के सदस्यों ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन गौ सेवा और प्रकृति प्रेम का संदेश देता है। ऐसे में जन्माष्टमी के अवसर पर गौ सेवा कर पर्व मनाना आध्यात्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक दायित्व निभाने का भी माध्यम है।

शिक्षक दिवस को खास बनाने का प्रयास

हस्तनिर्मित कार्ड लेकर विद्यार्थियों ने शिक्षकों को दिया समारोह का निमंत्रण

भिलाई। शिक्षक दिवस को खास बनाने के लिए केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने बाजार से तैयार निमंत्रण पत्र खरीदने के बजाय अपने हाथों से आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड तैयार किए और इन्हें विद्यालय के शिक्षकों को भेंट करते हुए शिक्षक दिवस समारोह में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित किया। रंगों और रचनात्मकता से सजे इन कार्डों में शिक्षकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और शुभकामनाओं के भाव भी उकेरे गए।

■ विद्यार्थियों का प्रयास गुरु-शिष्य परंपरा को दर्शाता है

विद्यार्थियों ने सबसे पहले विद्यालय की प्राचार्य पुष्पा बड़ा को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हस्तनिर्मित कार्ड भेंट किया और समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इसके बाद उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और कार्यक्रम में आमंत्रित किया। विद्यार्थियों की इस पहल से शिक्षकों के चेहरे पर भी खुशी नजर आई। प्राचार्य पुष्पा बड़ा ने कहा कि विद्यार्थियों के हाथों से बनाए गए कार्ड किसी महंगे उपहार से अधिक मूल्यवान हैं, क्योंकि इनमें उनकी मेहनत और भावनाएं जुड़ी हैं। एसके चतुर्वेदी ने कहा कि विद्यार्थियों का यह प्रयास गुरु-शिष्य परंपरा की आत्मीयता को दर्शाता है। टीएल साहू एवं गीता माली ने विद्यार्थियों की सृजनशीलता की सराहना की। आशुतोष सिंह ने कहा कि डिजिटल दौर में संदेश भेजना आसान है, लेकिन अपने हाथों से कार्ड बनाकर शिक्षक को सम्मान देना संवेदनशीलता और संस्कार का प्रतीक है। डॉ. अजय आर्य ने कहा कि शिक्षक केवल विषय का ज्ञान नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को दिशा देते हैं। इस पहल में सृष्टि साहू, अनन्या दुबे, विजयलक्ष्मी सिंह, कृतिका बारले, आकांक्षा पाठक और तनीषा सहित विद्यार्थियों की सहभागिता रही। हस्तनिर्मित कार्डों ने शिक्षक दिवस के उत्साह को और बढ़ा दिया।

एमजीएम स्कूल में कार्यशाला

तनाव प्रबंधन विषय पर विशेषज्ञों ने दिए टिप्स

भिलाई। सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, भुवनेश्वर के तत्वावधान में एमजीएम पब्लिक स्कूल, शांति नगर भिलाई में तनाव प्रबंधन विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिले के विभिन्न विद्यालयों से 60 शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन आलोक कुमार श्रीवास्तव और कमल अंबवानी ने किया। उन्होंने तनाव के कारणों और उसके प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की तथा व्यावसायिक व व्यक्तिगत जीवन में तनाव को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए व्यावहारिक उपाय साझा किए। इंटरैक्टिव चर्चाओं और रोचक गतिविधियों के माध्यम से संसाधन व्यक्तियों ने भावनात्मक कल्याण, सकारात्मक सोच तथा स्वस्थ कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। इस सत्र ने शिक्षकों को तनाव से निपटने के लिए उपयोगी और व्यावहारिक साधन प्रदान किए और विद्यालय में सकारात्मक व सहयोगपूर्ण वातावरण को बढ़ावा देने में सहायता की। प्रधानाचार्या एन्सी वर्गीज ने संसाधन व्यक्तियों, सीबीएसई सीओई भुवनेश्वर तथा कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यालयों के प्रति आभार व्यक्त किया।

विभिन्न जिलों के 60 शिक्षकों ने लिया हिस्सा

विकास खंड स्तरीय शैक्षिक प्रतियोगिता में प्रतिभा का किया प्रदर्शन

भिलाई। विकासखंड स्तरीय शैक्षिक प्रतियोगिता का आयोजन जेआरडी बहुद्देशीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग में आयोजित किया गया। जिसमें जोन स्तरीय प्रतियोगिता से चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं से आठवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। धारा प्रवाह अंग्रेजी पठन कौशल, गणित व तार्किक क्षमता और सामान्य ज्ञान की समझ पर प्रतियोगिता हुई। जिसमें प्रथम और द्वितीय स्थान आने वाले प्रतिभागियों में स्टोरी टेलिंग में पार्थ मानिकपूरी और तमन्ना स्पीड रीडिंग में शाइना परवीन और मिशका फातिमा मैथ्स मैजिक में प्रियंजली और के निखिल स्पीड कैलकुलेशन में आरोही साहनी और महेंद्र कुमार क्विज बेटल में लक्ष्मी साहू और शुभ सिंह राजपूत का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता डाइट दुर्ग के लिए किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में डाइट की प्रोफेसर शिशिरकना भट्टाचार्य, जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग के सहायक संचालक ज्ञान सिंह राजपूत, विद्यालय के प्राचार्य राम कुमार दुबे, एपीसी संजय राजपूत, यूआरसी नेम सिंह साहू, हरीश देवांगन, प्रीति पंसारी, अब्दुल बहाव, रुस्तम सिंह, अशोक देवांगन, राम कुमार चंद्राकर, पुष्पेंद्र साहू, शंकर देशमुख सहित सभी सीएसी और प्रतिभागी विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

उमेश कुमार को पीएचडी की उपाधि

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई ने उमेश कुमार को मैकेनिकल इंजीनियरिंग विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने संयुक्त ताप विद्युत संयंत्र में सेकंड लॉ एनालिसिस और हीट इंटीग्रेशन पर शोध कार्य किया। उनका शोध कार्य डॉ. मनोज कुमार पाल प्रोफेसर व पूर्व विभागाध्यक्ष तथा डॉ. संतोष कुमार मिश्रा, एसोसिएट प्रोफेसर, बीआईटी दुर्ग के निर्देशन, सह-निर्देशन में पूर्ण हुआ। उमेश कुमार की इस उपलब्धि पर परिवार, शिक्षकों और सहकर्मियों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

11 हजार से अधिक ऑडियो बुक्स का संकल्प, हुए सम्मानित

गुरु की आवाज बच्चों के लिए ज्ञान की रोशनी, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ शिक्षकों का नवाचार

कार्नर न्यूज

भिलाई। गुरु केवल किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि वे हर उस बच्चे तक शिक्षा पहुंचाने का रास्ता तलाशते हैं, जिसके लिए सीखने की राह थोड़ी अलग है। शिक्षक दिवस के अवसर पर दुर्ग-भिलाई के शिक्षकों की ऐसी ही संवेदनशील और अनुकरणीय पहल सामने आई है, जहां शिक्षकों ने अपनी आवाज को ज्ञान का माध्यम बनाकर दृष्टिबाधित और सामान्य विद्यार्थियों के लिए हजारों ऑडियो बुक्स तैयार की हैं। शिक्षा में समावेशिता और नवाचार की इस अनूठी पहल को अब गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। लोकभवन रायपुर में राज्यपाल रामेन डेका के करकमलों से वर्ल्ड ऑडियो बुक टीम छत्तीसगढ़ को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड प्राप्त हुआ। इस अवसर पर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की छत्तीसगढ़ प्रमुख डॉ. सोनल राजेश शर्मा भी मौजूद रहीं।

राज्यपाल के नेतृत्व में राज्य के शिक्षकों की टीम द्वारा तैयार किए जा रहे इस ऑडियो कंटेंट ने शिक्षा को सुलभ बनाने की दिशा में एक मिसाल कायम की है।

इस नेक पहल की शुरुआत राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षिका एवं संस्थापक-संचालिका के. शारदा और विशेष सहयोगी एवं समन्वयक प्रीति शांडिल्य ने 5 अक्टूबर 2024 को की थी। 11 हजार से अधिक ऑडियो बुक्स तैयार करने के लक्ष्य के साथ शुरू हुए इस अभियान में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों के करीब 30 समर्पित शिक्षक-शिक्षिकाएं जुड़े हैं। ये सभी अपने नियमित शैक्षणिक दायित्वों के साथ स्कूल समय के बाद विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण ऑडियो सामग्री तैयार कर रहे हैं। इस अभियान की खास बात यह है कि के. शारदा स्वयं 1800 से अधिक ऑडियो बुक्स तैयार कर चुकी हैं। वहीं दुर्ग जिले की शिक्षिका नंदा देशमुख ने भी विभिन्न विषयों पर ऑडियो कंटेंट तैयार कर इस अभियान में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई है।

किताब नहीं तो आवाज से पढ़ाई

ऑडियो बुक्स ने दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई की सामग्री को सहज बनाया है। वहीं सामान्य विद्यार्थी भी सुनकर सीखने की आधुनिक पद्धति का लाभ उठा रहे हैं। अब पढ़ाई केवल किताब के पन्नों तक सीमित नहीं, बल्कि आवाज के माध्यम से कहीं भी और कभी भी विद्यार्थियों तक पहुंच रही है। वर्ल्ड ऑडियो बुक चैनल पर 107 से अधिक प्लेलिस्ट उपलब्ध हैं और इन्हें 8 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। टीम जल्द ही 11 हजार ऑडियो बुक्स का लक्ष्य पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। के. शारदा का कहना है कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी तक गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री पहुंचाना है, ताकि किसी भी बच्चे की शिक्षा उसकी शारीरिक या अन्य सीमाओं के कारण बाधित न हो। शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का यह प्रयास वास्तव में 'हर बच्चे तक शिक्षा' के संकल्प को आवाज दे रहा है।

खबर संक्षेप

कन्हैया सोनी बने ऑटो चालक संघ के संरक्षक

भिलाई। भिलाई ऑटो संघ ने भाजपा नेता कन्हैया सोनी को 'भिलाई ऑटो चालक संघ' का संरक्षक नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर ऑटो संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा उनका हार्दिक अभिनंदन व स्वागत किया है। कन्हैया सोनी भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और वर्तमान में वह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओबीसी मोर्चा भाजपा छत्तीसगढ़, जिला संगठन प्रभारी धमतरी ओबीसी मोर्चा भाजपा छत्तीसगढ़, और भिलाई छत्तीसगढ़ चेम्बर के मुख्य सलाहकार की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भिलाई ऑटो संघ ने उन्हें संरक्षक के रूप में नियुक्त किया है, यह उन्हें लिए काफी सम्मान की बात है। संघ के समस्त पदाधिकारियों एवं ऑटो चालक साथियों ने उनके ऊपर जो विश्वास और जिम्मेदारी सौंपी है, उसके लिए वो आभारी हैं। उनका यह दायित्व है कि वो उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा खड़े रहें।

अब मात्र एक रुपए में मिलेगी सेनेटरी नेपकिन

भिलाई। वैशाली नगर विधानसभा

क्षेत्र की महिलाओं और किशोरियों के लिए मात्र 1 रुपए में सेनेटरी नेपकिन उपलब्ध कराने की सुविधा शुरू की जा रही है। गणेश चतुर्थी, 14 सितंबर को श्वेताम्बर जैन मंदिर, जीरो रोड शांति नगर स्थित वैशाली नगर विधायक कार्यालय में ऑटोमेटिक सेनेटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन लगाई जाएगी। इसके माध्यम से महिलाएं जरूरत के समय बेहद सरल तरीके से मात्र 1 रुपए में सेनेटरी नेपकिन प्राप्त कर सकेंगी।

भिलाई निवास मे शिक्षक दिवस समारोह आज

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा 5 सितंबर को शाम 5.30 बजे भिलाई निवास के एमपी हाल में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज चित्तरंजन महापात्र होंगे।

महंगाई चरम सीमा पर आम जनता की जेब ढीली : साहू

पाटन। दुर्ग जिला पंचायत के पूर्व



उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने अप्रत्याशित रूप से बढ़ रहे चीनी के दामों को ई 20 पेट्रोल से जोड़ते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने अपनी विकलांग आर्थिक नीति का नमूना पेश किया है। वाहनों की माइलेज कम होने के कारण लोगों को अपनी दूरी तय करने के लिए ज्यादा पेट्रोल भरवाना पड़ रहा है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि महंगाई से परेशान है। जनपद सदस्य रश्मि भेदप्रकाश वर्मा ने महिलाओं को महतारी वंदन की राशि देकर बिजली बिल से दोगुना वसूली भाजपा की रीति नीति है। जनपद सदस्य दिनेश साहू ने कहा कि किसान कर्ज के बोझ तले दब रहे हैं।

जिले के तीन शिक्षकों को मिलेगा ज्ञानदीप और नौ को शिक्षादूत पुरस्कार

भिलाई। शिक्षक दिवस के मौके पर दुर्ग जिले के 12 सरकारी स्कूल के शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। तीन शिक्षक ज्ञानदीप पुरस्कार से और 9 शिक्षक शिक्षा दूत पुरस्कार से नवाजे जाएंगे। इन शिक्षकों ने विद्यार्थियों को तराशने और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। उनके उत्कृष्ट कार्य दूसरे शिक्षकों के लिए प्रेरणादायी साबित होंगे।

इन तीन शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरस्कार

स्वाति प्रसाद यू ट्यूब चैनल बनाई और बच्चों को मिली सफलता

शिक्षिका श्रीमती स्वाति प्रसाद शिक्षण संबंधी स्वयं का यूट्यूब चैनल संचालित कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को लाभान्वित कर रही हैं। उन्हें विनोबा ऐप द्वारा सम्मानित किया जा चुका है तथा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न पुरस्कार-2024 से भी नवाजा गया है। उनका चयन इंस्पायर अवार्ड के लिए हुआ है और उनके विद्यार्थियों ने एनएमएमएसई परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

राकेश हरमुख का स्मार्ट क्लास में महत्वपूर्ण भूमिका

राकेश कुमार हरमुख ने विद्यालय में स्मार्ट क्लास के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्हें विधानसभा शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए विभिन्न शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) तैयार की है तथा विद्यालय की शैक्षणिक और सहशैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय योगदान दिया है।

मुकेश ने दिया विद्यार्थियों का एनएमएमएसई व श्रेष्ठ परीक्षा चयन में योगदान

मुकेश कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को एनएमएमएसई एवं श्रेष्ठ परीक्षा में चयन दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे विद्यालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सफल संचालन में भी सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। तीनों शिक्षकों की उपलब्धियां अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

दुर्ग ब्लॉक के शिक्षादूत

रजनीकांत ने सुधारा जादुई पिटारा से शिक्षा

शासकीय प्राथमिक शाला करहीडीह में सहायक शिक्षक रजनीकांत भारद्वाज ने कबाड़ से जुगाड एवं जादुई पिटारा के माध्यम से बच्चों के स्तर सुधार पर कार्य किया,इनके द्वारा निर्मित सामग्री का प्रदर्शन राज्योत्सव एवम् शिक्षक प्रशिक्षण में भी किया जाता है।

टोमन ने टीएलएम निर्माण कर पढ़ाई करवाई

प्राथमिक शाला बोरसी भाटा टोमन लाल साहू ने बच्चों के बौद्धिक विकास हेतु सहायक सामग्री निर्माण कर अपनी उत्कृष्ट सहभागिता शाला में प्रदान किया,पालकों एवं जनप्रतिनिधियों से इनका मधुर सम्बन्ध रहा।इन्होंने विकासखंड स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स के रूप में भी कार्य किया।

चित्रा इंगले ने दी बालकेंद्रित शिक्षा

चित्रा इंगले सहायक शिक्षक बीरेझर भाठा ने बाल केंद्रित शिक्षा में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई, बच्चों के साथ बच्चे बनकर शाला में अध्यापन कार्य करती हैं,यह विकासखंड में मास्टर ट्रेनर के रूप में भी शिक्षकों को प्रशिक्षण देती है।

धमधा ब्लॉक के शिक्षादूत

जन जागरूक गतिविधियां चलाई चंदूलाल ने

सहायक शिक्षक एलबी वर्ग में चंदूलाल साहू शासकीय प्राथमिक शाला नवीन सेमरिया को खेल एवं योग के माध्यम से शिक्षण, अभिभावकों से सकारात्मक संवाद तथा जन-जागरूकता गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए चयनित किया गया है।

कला-संस्कृति संवर्धन रहा सपना दुबे का खास

सपना दुबे, शासकीय प्राथमिक शाला चोरहा रामपुर को माता उन्मुखीकरण, आंगन में शिक्षा, रचनात्मक गतिविधियों, कला-संस्कृति संवर्धन और टीएलएम आधारित शिक्षण कार्यों के लिए चयनित किया गया है।

स्मार्ट क्लास संचालन किया बेहतर कुंवर सिंह ने

खिलोराकला के कुंवर सिंह, शासकीय प्राथमिक शाला मंदिर खिलोरा, को स्मार्ट क्लास संचालन, टीएलएम निर्माण एवं उपयोग, वृक्षारोपण, जनसहयोग, किचन गार्डन विकास तथा विद्यार्थियों के लिए प्रेरक शैक्षणिक वातावरण तैयार करने के लिए यह सम्मान मिलेगा।

पाटन ब्लॉक के शिक्षक

दिलीप ने शत प्रतिशत उपस्थिति की सुनिश्चित

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुगदा के शिक्षक दिलीप कुमार शुक्ला को विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति बढ़ाने, नियमित प्रोत्साहन सामग्री वितरण तथा पालकों की सहभागिता से भाषा विकास को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया गया।

मौखिक भाषा कौशल विकसित करवाई कमल ने

शासकीय प्राथमिक शाला मोरिद के सहायक शिक्षक कमल सिंह साहू को 18 वर्षों की सतत सेवा, खेल-खेल में हिंदी शिक्षण, स्तरानुसार कक्षा शिक्षण तथा चित्रों के माध्यम से बच्चों के मौखिक भाषा कौशल विकसित करने के नवाचारों के लिए सम्मान मिलेगा।

टिकेशवरी वर्मा ने गणित में करवाया नवाचार

शासकीय प्राथमिक विद्यालय अमेरी की टिकेश्वरी वर्मा ने गणित में नवाचारी, जनभागीदारी से शाला को संसाधन उपलब्ध करावाया।बच्चों को धारा प्रवाह पढ़ने, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता, नवाचार करते हुए कार्य बच्चों को प्रोत्साहन देकर आगे लाने में पूर्ण सहभागिता व स्वच्छता गार्डनिंग पर ध्यान दिया।

बच्चों ने भी कृष्ण का रूप धरा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया

कृष्ण जन्माष्टमी पर ग्रामीण अंचल में कलश यात्रा और दही लूट की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

महापर्व कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर स्थानीय यादव समाज भंसूली (के) के तत्वाधान में श्री कृष्ण की पूजा अर्चना,कलश यात्रा,विभिन्न चौक में दही लूट सहित विविध रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि अशोक साहू विधायक प्रतिनिधि,दिनेश साहू जनपद सदस्य,भगवती मुकेश साहू सरपंच,पद्मभूषण साहू उपसरपंच,हुलेश साहू ग्रामीण अध्यक्ष, डा हेमंत साहू,गोपाल साहू सहित पदाधिकारियों ने श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर ग्रामवासियों की सुख समृद्धि खुशहाली की मंगलकामना की।

मुख्य अतिथि पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साहू ने यादव समाज सहित ग्रामवासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि हर युग में राक्षसी शक्तियों का अंत करने भगवान श्रीकृष्ण जैसे अवतार लेते हैं। श्री कृष्ण से प्रेम, मित्रता और समर्पण की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर भीम यादव,भुवन यादव, गुहलेद यादव, परस यादव, छन्नू यादव, डा के के साहू, नंदकुमार साहू, गोपाल साहू, ठाकुर यादव, महेश साहू, रामेश्वर यादव, नंदकिशोर यादव, बलदाऊ, हरिश्चंद्र, लक्ष्मण, महेश यादव, इंदिया यादव, लीला बाई, राधा बाई, भोज राम यादव, जोहन यादव सहित सामाजिक बंधु एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

श्री कृष्ण से मिलती है प्रेम, मित्रता और समर्पण की प्रेरणा : साहू

दही लूट, वेशभूषा और गायन-नृत्य के साथ मनाई जन्माष्टमी

जामगांव आर। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में शुक्रवार को कृष्ण जन्माष्टमी समारोह का आयोजन किया गया। वेशभूषा,नृत्य-गायन प्रतियोगिता के साथ डॉ हेडगेवार सदन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों से आच्छादित रहा। इसके पहले नगर की गलियों में जाकर दही लूट का मनमोहक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कृष्ण वेशभूषा में नीलेश कक्षा चतुर्थ प्रथम स्थान पर खुशान कक्षा प्रथम द्वितीय स्थान पर , क्रेया कक्षा प्रथम तृतीय स्थान और राधा वेशभूषा में सेजल प्रथम,चारुल द्वितीय एवं नूपुर तीसरे स्थान पर प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किया। गायन में नित्या,चांदनी ,जासमीन , साक्षी तथा नृत्य में मीनाक्षी एवं साथी सम्मानित किए गए।

यादव ठेठवार समाज ने मनाई जन्माष्टमी

पाटन। यादव ठेठवार समाज बोरेंदा ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया । इस अवसर पर समाज के लोगों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं समाज की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में समाज के ईश्वर यादव, यशवंत यादव, भोला यादव, पंचराम यादव, सनत यादव, सालिक राम यादव, अर्जुन यादव, प्रदीप यादव, दिलीप यादव, दुजराम यादव, सुनीता यादव, किरण यादव, अवध राम यादव, रामलाल यादव सहित समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

यादव ठेठवार समाज ने मनाई कृष्ण जन्माष्टमी

कुम्हारी। यदुकुल शिरोमणि भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर

यादव ठेठवार समाज कुम्हारी द्वारा धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। बच्चों को भगवान श्री कृष्ण के वेशभूषा में तैयार कर पारंपरिक गढ़वा बाजा एवं राधे राधे के गगन चुंबी नारों के साथ राधाकृष्ण मंदिर से शोभायात्रा निकली। जो लट्टी बाबा चौक से होते हुए पुरानी हटरी,आजाद चौक, ठेठवार भवन, होते हुए बाजार चौक के राधाकृष्ण मंदिर में संपन्न हुई। कुम्हारी यादव ठेठवार समाज के अध्यक्ष नेतराम यादव ने बताया कि राधाकृष्ण मंदिर में दिनभर रामायण पाठ एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

धूमधाम से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

अंडा। सनराइज पब्लिक स्कूल, गांधी नगर अंडा में श्रीकृष्ण

जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्हे बच्चे राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में सज-धज कर आए। बच्चों की सुंदर तैयारी और उनके उत्साह ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मटकी फोड़ प्रतियोगिता रही, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

चीनी सत्याग्रह : कांग्रेस जनता को बताएगी महंगाई के कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

चीनी की लगातार बढ़ती कीमतों और इसके चलते आम जनता पर पड़ रहे अतिरिक्त आर्थिक बोझ के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण, दुर्ग शहर एवं भिलाई नगर के संयुक्त तत्वावधान में महाराजा चौक में एक दिवसीय चीनी सत्याग्रह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल एवं भिलाई नगर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेसजनों ने चीनी की बढ़ती दरों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आम जनता को राहत देने की मांग की।

इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि चीनी जैसी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तु की कीमतों में लगातार वृद्धि का सीधा असर आम परिवारों की रसोई और घरेलू बजट पर पड़ रहा है। पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए चीनी के बढ़ते दाम एक और आर्थिक परेशानी बन गए हैं।

महंगाई से राहत देने सरकार के हर दावे फेल

दुर्ग शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि भाजपा सरकार आम जनता को महंगाई से राहत देने के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। आवश्यक खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट बिगड़ रहा है। चीनी की बढ़ती कीमतों के खिलाफ आयोजित यह सत्याग्रह जनता की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का कांग्रेस का प्रयास है। अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज में महंगाई से जनता से त्रस्त हो गई है। कांग्रेस पार्टी महंगाई और जनहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर जनता के साथ खड़ी है। जब तक आम जनता को महंगाई से राहत नहीं मिलती, कांग्रेस का संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

रोजमर्रा की कीमतों में हो रही बेतहाशा बढ़ोत्तरी

पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि चीनी जैसी रोजमर्रा की जरूरत की वस्तु की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से आम आदमी की रसोई का बजट बिगड़ रहा है। पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर चीनी के बढ़ते दाम अतिरिक्त बोझ बन गए हैं। इस दौरान हीरा वर्मा, रिवेंद्र यादव, रायसिंह ढिकोला, आरएन वर्मा, जामवंत गजपाल, प्रकाश ठाकुर, राम सूर्यवंशी, राजेश मानिकपुरी, करीम खान, कमलेश साहू, उमेश साहू , राजेश यादव, सुशील भारद्वाज, आनंद कपूर ताम्रकार सहित अन्य मौजूद थे।

अपर महाप्रबंधक पहुंचे दुर्ग रेलवे स्टेशन, किया निरीक्षण

भिलाई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू बिलासपुर से दुर्ग सेक्शन का विंडो ट्रेलिंग इंस्पेक्शन, दुर्ग के मेजर री - डेवलपमेंट विकासात्मक , निर्माणाधीन, इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों का निरीक्षण किया। दुर्ग स्टेशनो के विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन किया। जिसमें रेलवे स्टेशन के दोनों साइड चल रहे इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों आरपीएफ बैरक, नए प्लेटफार्म,

ओवरहेड टैंक, यात्री प्रतीक्षालय, पार्सल ऑफिस, स्टाफ क्वार्टर का ड्राइंग से अवलोकन कर स्थिति का आकलन किया। अपर महाप्रबंधक ने कोचिंग डिपो दुर्ग भी का निरीक्षण किया। दुर्ग रेलवे स्टेशन पर वर्तमान में संचालित कार्यालय के शिफ्टिंग की व्यवस्था यात्री सुविधाओं को बनाए रखते हुए रेल परिचालन सुचारू रूप से चले यात्रियों को कोई परेशानी ना हो निर्माणाधीन कार्य भी सुचारू रूप से यात्रियों को संरक्षित, सुगम सुविधाजनक यात्रा अनुभव मिने की बात कही है। निरीक्षण के दौरान रेलवे के बड़े अधिकारी मौके पर मौजूद थे।

जनप्रतिनिधियों के साथ पहुंचे अंचल के लोग

याद किया शहीद दुर्वासा का बलिदान, दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम देवरी (ख) में कारगिल युद्ध के दौरान मातृभूमि एवं भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीद दुर्वासा लाल निषाद की 26वीं शहादत दिवस के अवसर पर शुक्रवारको श्रद्धांजलि एवं शहादत समारोह का आयोजन श्रद्धा और सम्मान के साथ किया गया। कार्यक्रम में शहीद की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई तथा गार्ड ऑफ ऑनर के साथ शहीद का सम्मान किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर, उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग एवं राज्य मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन ने अमर शहीद दुर्वासा लाल निषाद को नमन करते हुए कहा कि देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर

जवान और उनके परिवार पूरे देश के लिए सम्मान और गौरव के पात्र हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद ने अमर शहीद दुर्वासा लाल निषाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, विरेन्द्र साहू, बालमुकुंद देवांगन, पूर्व विधायक गुंडरदेही, कांति सोनेश्वरी, सदस्य जिला पंचायत बालोद, पुरुषोत्तम चंद्राकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुंडरदेही, कुलदीप साहू, अध्यक्ष भाजपा मंडल ओटेबंद, डॉ. परदेशीराम वर्मा, राजेन्द्र निषाद, डॉ. घनश्याम निषाद, हरप्रीत सिंह, विजय सिंह, बद्री प्रसाद पारकर, डॉ. सोनाली गुप्ता, नंदकिशोर साहू, आर.आर. वाणी, पवन निषाद एवं एन.के. राठी सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

शहीद परिवार एवं बच्चों का सम्मान : समारोह के दौरान अमर शहीद दुर्वासा लाल निषाद के परिजनों का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। शहीद के पिता मुनीलाल निषाद एवं माता बोधनी बाई निषाद सहित परिवार के सदस्यों का सम्मान कर उनके त्याग और बलिदान को नमन किया गया। इसके साथ ही स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं वरिष्ठ नागरिकों को भी सम्मानित किया गया।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

पाइल्स
पाइल्स का इलाज, एक लेप, द्वारा मस्से को गला कर जड़ से इलाज किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

गुरु सम्मान दिवस

बदलते दौर में शिक्षक की भूमिका हुई और भी महत्वपूर्ण



हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिन देश के महान शिक्षाविद् और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षकों के योगदान को सम्मान देने के लिए समर्पित है। आज के डिजिटल दौर में शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। स्मार्ट क्लास, इंटरनेट, ऑनलाइन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे साधन विद्यार्थियों तक जानकारी पहुंचाने में मदद कर रहे हैं, लेकिन एक अच्छे शिक्षक की भूमिका केवल जानकारी देने तक सीमित नहीं है। शिक्षक आज भी विद्यार्थियों को सही और गलत के बीच अंतर समझाने, सवाल पूछने, सोचने और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा दिखाते हैं।

आज के दौर में शिक्षक सिर्फ पढ़ाने वाले नहीं

पहले शिक्षा का प्रमुख माध्यम किताबें और कक्षा हुआ करती थीं, लेकिन आज विद्यार्थी कुछ ही सेकंड में इंटरनेट के जरिए हजारों जानकारियां हासिल कर सकते हैं। ऐसे समय में शिक्षक की भूमिका और महत्वपूर्ण हो गई है। अब शिक्षक का काम केवल पाठ्यक्रम पूरा कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को सही जानकारी पहचानने और उसका उत्तर उपयोग करने की समझ विकसित करना भी है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हर जानकारी सही नहीं होती। ऐसे में शिक्षक विद्यार्थियों में तर्क करने, तथ्यों की जांच करने और स्वतंत्र रूप से सोचने की क्षमता विकसित कर सकते हैं।

तकनीक शिक्षक का विकल्प नहीं, सहयोगी है

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीक ने शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएं पैदा की हैं। विद्यार्थी पढ़ाई से जुड़े सवालों के जवाब, उदाहरण और अतिरिक्त जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। इसके बावजूद तकनीक शिक्षक के अनुभव, मार्गदर्शन और मानवीय समझ की जगह नहीं ले सकती। एक शिक्षक विद्यार्थी की क्षमता, रुचि, कठिनाई और भावनात्मक स्थिति को समझकर उसके अनुसार मार्गदर्शन कर सकता है। यही मानवीय जुड़ाव शिक्षा को केवल सूचना से आगे ले जाकर सीखने का अनुभव बनाता है।

अच्छा शिक्षक सिखाता है सवाल पूछना

आज प्रतियोगिता का दौर है। विद्यार्थी अच्छे अंक और करियर की तैयारी में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में शिक्षक की जिम्मेदारी है कि वह उन्हें केवल सही उत्तर याद कराने के बजाय सही सवाल पूछना भी सिखाए। किसी विषय को समझने के लिए जिज्ञासा पैदा करना, अपनी बात रखने का आत्मविश्वास देना और असफलता से सीखने की आदत विकसित करना शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यही क्षमताएं आगे चलकर विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने में मदद करती हैं।

शिक्षा के साथ संस्कार और जिम्मेदारी भी जरूरी

शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी या परीक्षा में सफलता हासिल करना नहीं है। एक शिक्षित व्यक्ति समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझे, दूसरों का सम्मान करे और संवेदनशील बने, यह भी उतना ही जरूरी है। शिक्षक विद्यार्थियों में अनुशासन, ईमानदारी, सहयोग, समय की पाबंदी और जिम्मेदारी जैसे गुण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कई बार शिक्षक की कही हुई छोटी-सी बात विद्यार्थी के पूरे जीवन की सोच को प्रभावित कर देती है।

हर विद्यार्थी के लिए शिक्षक की भूमिका अलग

कक्षा में सभी विद्यार्थी एक जैसे नहीं होते। किसी की पढ़ाई में रुचि अधिक होती है तो किसी की खेल, कला, विज्ञान या अन्य गतिविधियों में। एक कुशल शिक्षक विद्यार्थियों की अलग-अलग प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देता है। कई विद्यार्थी आत्मविश्वास की कमी या असफलता के डर के कारण अपनी क्षमता नहीं दिखा पाते। ऐसे समय में शिक्षक का प्रोत्साहन उनके लिए बहुत मायने रखता है। शिक्षक का एक भरोसे भरा वाक्य विद्यार्थी को फिर से प्रयास करने की ताकत दे सकता है।

आज शिक्षक दिवस मनाने का सही अर्थ है

शिक्षक दिवस केवल शुभकामनाएं देने या कार्यक्रम आयोजित करने का अवसर नहीं है। यह उन सभी शिक्षकों के योगदान को याद करने का दिन है, जिन्होंने विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए अपना समय और ज्ञान समर्पित किया। आज के बदलते शैक्षणिक वातावरण में शिक्षक भी लगातार नई तकनीक और नए तरीकों को सीख रहे हैं। इसलिए शिक्षक दिवस विद्यार्थियों और समाज को यह याद दिलाने का अवसर है कि तकनीक शिक्षा को आसान बना सकती है, लेकिन शिक्षा को सार्थक बनाने में शिक्षक की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रहेगी।

समय बदल रहा है, शिक्षा के साधन बदल रहे हैं और सीखने के तरीके भी बदल रहे हैं, लेकिन गुरु और शिष्य के बीच विश्वास का रिश्ता आज भी उतना ही महत्वपूर्ण है। एक शिक्षक विद्यार्थी को सिर्फ विषय का ज्ञान नहीं देता, बल्कि उसे अपने सपनों को पहचानने और उन्हें हासिल करने का साहस भी देता है।

शिक्षक दिवस पर उन सभी गुरुजनों को नमन, जो ज्ञान के साथ जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं।

Teachers Teach Us the Art of Living

HAPPY TEACHER'S DAY



A good teacher not only teaches students the answers but also teaches them how to ask the right questions.

The purpose of education is not merely to pass examinations or achieve good marks. The true purpose of education is to make a person intelligent, responsible, and compassionate. Teachers play the most important role in this process. They take students beyond the pages of textbooks and introduce them to real-life situations. They teach students that success does not depend only on marks, but also on hard work, discipline, patience, and good character.

Teachers Turn Knowledge into Understanding

Books provide information, but teachers help students understand that information and apply it in real life. They make difficult subjects easier to understand by explaining them through simple examples and practical experiences.

Teachers Teach Students How to Deal with Failure

Failure is a natural part of student life. A student may score fewer marks in an examination, lose a competition, or face difficulties in achieving a goal. During such situations, teachers encourage students not to lose hope but to learn from their mistakes and try again.

Teachers Develop the Habit of Discipline

Reaching school on time, completing homework, studying regularly, and fulfilling responsibilities are habits that strengthen a student's future. Teachers play an important role in developing these qualities and encouraging students to become disciplined individuals.

Teachers Help Students Understand Right and Wrong

In today's digital age, children have access to a huge amount of information through the internet and social media. However, not all information is accurate or reliable. Teachers help students verify facts, avoid misinformation, think critically, and make responsible decisions.

Every Student Is Different

Not all students have the same interests and abilities. Some may excel in academics, while others may perform better in sports, art, music, technology, or other fields. An effective teacher recognizes the unique talents of each student and encourages them to develop their strengths.

Teachers Provide Emotional and Moral Support

Children and teenagers often face different kinds of pressure related to studies, competition, career choices, and the future. In such situations, teachers can become trusted mentors who provide encouragement, guidance, and emotional support.

The Teacher-Student Relationship Is Built on Trust

Students learn more openly when they trust and have confidence in their teachers. A teacher's encouragement and belief in a student's abilities can sometimes bring a significant and lasting change in that student's life.

The Changing Role of Teachers in the Digital Age

Technology has made education easier and more accessible, but it cannot replace the role of a teacher. Teachers guide students in using technology responsibly and effectively while helping them retain important human values, empathy, and social responsibility.

Teachers do not merely tell students what to study; they also teach them what is right, how to think, and how to move forward in life. Therefore, respect for teachers should not be limited to just one day. Remembering their lessons, following their guidance, and valuing their contribution throughout life is the true spirit of Teachers' Day.